तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 10 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



झारखंड को सबसे कम तो छत्तीसगढ़ को सबसे अधिक राजस्व की हिस्सेदारी 2




## खबर संक्षेप

### बिर्रा में बिजली व्यवस्था चरमराई, उपभोक्ता परेशान

**बिर्रा।** रक्षाबंधन के दिन बिर्रा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। त्योहारी सीजन में एकबार फिर बिर्रा क्षेत्र में बिजली कटौती ने लोगों को हलाकान कर दिया है। पूरे दिन भर लोग गर्मी व उमस से हलाकान नजर आए। वही बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 132/33 सबस्टेशन जैजैपुर के 40 एमव्हीए ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते बिर्रा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लाईट बंद रही। जिससे बिजली विभाग का एकबार फिर पोल खोलकर रख दी है। त्यौहारी सीजन में बिजली के आंख-मिचौली से लोग परेशान नजर आए।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय में भर्ती के लिए परीक्षा 24 को

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर चांपा के जिला स्थापना में रिक्त पदों सहायक ग्रेड 3 के कुल रिक्त पद 20 एवं कोर्ट मैनेजर अमला हेतु लिपिक क्लर्क (संविदा) के कुल 1 पद हेतु पात्र अभ्यार्थीयों का कौशल परीक्षा रविवार 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर चांपा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। कौशल परीक्षा हेतु पात्र सभी अभ्यार्थी नियत समय के 30 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.30 बजे से दस्तावेज सत्यापन हेतु सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों, आधार कार्ड एवं 2 नग रंगीन फोटो के साथ कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित रहे, उसी दिनांक को दस्तावेज सत्यापन भी किया जावेगा।

### हाथकरघा संस्थान प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ईमेल द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर 15 अगस्त को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा में जमा किया जा सकता है।

### हाथ भट्ठी शराब के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर

**फगुरम।** अवैध हाथ भट्ठी शराब की तस्करी करते आरोपी को फगुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 9 अगस्त को मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल में बिकी करने के लिए बड़ी मात्रा में शराब रख कर परिवहन कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम जमगहन निवासी 19 वर्षीय देवधर साण्डे पिता ठण्डाराम साण्डे को ग्राम बरतुंगा छोटे नहर पुल के पास पकड़ा। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक सफेद रंग की बोरी के अंदर प्लास्टिक पन्नी में भरी 20 लीटर लगभग हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 2 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## स्टेशन से लगा रेलवे फाटक बना परेशानी का सबब, आंदोलन के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

# नैला फाटक पर आरओबी की दरकार, समपार पर दोनों ओर लगती है वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित नैला रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुंबई-हावड़ा मुख्य ट्रेन रुट होने के कारण हर पंद्रह-बीस मिनट में फाटक बंद कर दिया जाता है। फाटक बंद होने के बाद यहां वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। इस मार्ग पर बिलासपुर कोरबा आने जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है, बावजूद इसके ओवरब्रिज निर्माण को लेकर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नैला रेलवे फाटक से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। खासकर दोपहर 2 बजे के बाद तो इस मार्ग से भारी भरकम वाहन होकर गुजरते हैं। ऐसे में रेलवे फाटक के बंद होने से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों द्वारा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। वहीं आंदोलन भी हो चुका है। बावजूद इसके आम लोगों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग होने के कारण इस रूट पर बड़ी संख्या में ट्रेनों की आवाजाही होती है। इसके अलावा कोरबा से कोयला लेकर ट्रेनें भी इसी मार्ग से दूसरी प्रदेश को जाती है। इसके चलते देखे तो हर 20 मिनट के बाद फाटक बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण इस मार्ग पर वाहनों की लाइन लगी रहती है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग बिलासपुर, कोरबा, चांपा, शिवरीनारायण, अकलतरा, बलौदा सहित अन्य प्रमुख मार्गों की ओर आवाजाही करते हैं। इसके अलावा कई वाहन चालक नियमों को ताक में रखकर फाटक बंद करने के दौरान भी रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश करते हैं। कई बार तो इस के चक्कर में लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

### विधायक कर रहे पुनः आंदोलन की तैयारी

नैला रेलवे फाटक की परेशानी को लेकर जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप आंदोलन भी कर चुके है। विधायक ने नैला फाटक में आरओबी निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 7 मई को रेलवे स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन किया था। तब रेलवे और जिला प्रशासन से अधिकारियों ने विधायक को 15 अगस्त तक डीपीआर बनाकर केन्द्र सरकार को भेजने का आश्वासन दिया था। विधायक ब्यास कश्यप का कहना है कि वे इस बीच कई बार रेलवे के अधिकारियों से मिल चुके है। अगर समय पर काम नहीं होता है तो इस बार उग्र आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

# शबरी सेतु में सड़क हादसा, मौके पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शबरी सेतु शिवरीनारायण में शनिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण निवासी 25 वर्षीय गौरव यादव पिता स्व.विष्णु यादव शनिवार 9 अगस्त की सुबह किसी कार्य के लिए गिधौरी जाने के लिए मोटरसायकल से निकला। सुबह लगभग 10 बजे वह शबरी पुल पर पहुंचा था कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बताया जा रहा है कि जर्जर सड़क और गड्ढों के कारण बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज झटके से वाहन फिसल गया और गौरव सीधे सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि आसपास मौजूद लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़े,लेकिन तब तक गौरव की सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भिजवाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सड़क की खराब स्थिति को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। बारिश और भारी वाहनों के आवागमन से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिन पर समय रहते मरम्मत नहीं की गई। लोगों ने कई बार प्रशासन से इस मार्ग की मरम्मत की मांग की है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं और शनिवार का यह हादसा तो जानलेवा साबित हुआ। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण का कार्य तत्काल किया जाए,ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।



हादसे के बाद शबरी सेतु पर जुटी लोगों की भीड़।

### बहनों का रो-रो कर बुरा हाल

गौरव यादव की मौत से उनके परिवार में राखी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन और रिश्तेदार घटना स्थल पर पहुंच गए गौरव की हालत देख भाई,बहनों ने चीख पुकार कर रोने लगी। रक्षाबंधन के दिन भाई की मौत से बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लायंस स्कूल के दो छात्र राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुए चयनित






**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल चांपा के दो प्रतिभाशाली छात्र सौम्या प्रधान एवं गजेन्द्र सोनी कक्षा 11 का चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुआ है। दोनों छात्रों द्वारा स्काउट-गाइड गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान के लिए चयन किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन रामप्रपन्ना देवांगन, लायंस क्लब के अध्यक्ष संतोष सोनी, प्राचार्या तथा सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्काउट प्रभारी ओ.पी. पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल पुरस्कार स्काउट-गाइड क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान है, जो अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने वाले छात्रों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने दोनों छात्रों की मेहनत, समर्पण एवं लगन की सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है।










## खबर संक्षेप



### कौशल महोत्सव में शौर्य को मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** कृष्णा पब्लिक स्कूल कमल विहार रायपुर व कृष्णा ललित कला महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तबला कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पोड़ीबहार निवासी तथा न्यू एरा प्रौग्रेसिव स्कूल का होनहार छात्र शौर्य वस्त्रकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने गुरु के मार्गदर्शन का परिणाम है कि भव्य राष्ट्रीय मंच में प्रस्तुति देकर अपने गुरु मोरध्वज वैष्णव और नवीन महंत व अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। शौर्य के पिता अनिल कुमार वस्त्रकार बालको में एवं माता शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा।** पद्म पुरस्कार के लिये नामांकन, सिफारिशें जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। पद्म पुरस्कारों के लिये नामांकन, सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त की जाएंगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किये जाने पद्म पुरस्कार 2026 के लिये नामांकन/सिफारिशें 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई हैं। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता देने के लिये दिया जाता है और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिये दिया जाता है। सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं इसी तरह महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांगजनों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिये ठोस प्रयास किये जा सकते हैं, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में मान्यता के योग्य हैं और जो समाज की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह सभी व्यक्ति भी इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं।

### प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला कल

**कोरबा।** अप्रेन्टिसशिप योजनान्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में प्राईम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन 11 अगस्त सोमवार को किया जा रहा है। संस्था से प्राप्त जानकारी प्राईम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जाना है। अप्रेन्टिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 11 अगस्त को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### टीपी नगर को शिफ्ट करने आयुक्त को आवेदन



**कोरबा।** छतीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय को ट्रांसपोर्ट नगर को स्थानांतरित करने संबंधी एक औपचारिक आवेदन सौंपा गया। इस दौरान कोरबा इकाई के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, परसराम रमानी कार्यकारी अध्यक्ष, दीपक मित्तल मंत्री सीसीसीआई सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे। संगठन ने ट्रांसपोर्ट नगर के स्थानांतरण की आवश्यकता एवं इससे होने वाले यातायात प्रबंधन व जनसुविधा के लाभों पर भी चर्चा की।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों की धरपकड़ की जा रही है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में उरगा पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अवैध कच्ची महुआ शराब रख कर परिवहन करने वाले पर कार्यवाही करने में उरगा पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद नीला प्लास्टिक के बोरा में अवैध रूप से हांथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब लेकर पैदल परिवहन करते हुए छिंदवारभांठा भिलाईखुर्द की ओर जा रहा है कि सूचना पर मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक व्यक्ति कचरा गोदम की ओर से एक सफेद नीला रंग का बोरा हांथ में लेकर आता दिखा जिसे रोक कर चेक किया गया, जो एक सफेद नीला रंग के प्लास्टिक के बोरा के अंदर भरा फॉरच्यून के प्लास्टिक के हरा रंग के 15 लीटर वाले जरिकेन में भरा लगभग 15 लीटर हांथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए के साथ मिला।

## अधिकारी, कर्मचारियों को भी घरों में लगाने किया जा रहा है जागरूक

# पीएम सूर्य घर योजना: स्पॉट रजिस्ट्रेशन दो दिनों में 23 लोगों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली की बढ़ती खपत को लेकर हर उपभोक्ता परेशान है। साथ ही कैसे इस खपत को कम की जा सके इस दिशा पर लगातार पहल हो रही है। प्रधानमंत्री पीएम सूर्य योजना के तहत इस खपत को कम करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को आसानी से बिजली मुहैय्या हो सके। लोगों को मुफ्त में बिजली मिल सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की है। जिले में इस योजना के तहत पिछले दो दिनों में 23 लोगों ने ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया है।

उल्लेखनीय है कि लोगों को मुफ्त में बिजली मिल सके इसके लिए राज्य सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत की है। हालांकि योजना पूर्व से चलाई जा रही है लेकिन अब राज्य सरकार ने इस योजना को और आम जनता के बीच बढ़ावा मिल सके और जनता इस योजना का लाभ ले सके इसके लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की गई है। जिसके तहत 6 अगस्त को रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ किया गया। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट ने बिलासपुर रीजन में भी इस शिविर का आगाज किया। जिले में आयोजित शिविर के बारे में अधीक्षण अभियंता पी. एल. सिदार ने बताया कि दो दिनों में 23 आवेदकों ने इस योजना के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। हरित ऊर्जा के मामले में कदम बढ़ाना है, इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है, जो हर उपभोक्ता को बिजली उत्पादक बना देगी। इस योजना की शुरुआत पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों से किया गया ताकि आस-पड़ोस व मोहल्ले के लोग उसे देखकर प्रेरित हों और वे भी सोलर प्लांट लगवाने आवेदन करें, जिसमें स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियो ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।



### अधिक बिजली जाएगी सीधे ग्रीड में

प्रधानमंत्री सूर्य योजना मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रीड से संयोजित होगा जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रीड में सप्लाई हो जाती है इससे न केवल उपभोक्ता के घरों का बिजली बिल शून्य हो जाता है अपितु ग्रीड से दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

### किसमें कितना मिलेगा छूट

अधीक्षण यंत्री पी एल सिदार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार ने भी भारी अनुदान की घोषणा की है, जिसके तहत अब एक किलोवाट क्षमता के प्लांट लगाने पर 45 हजार रुपए की छूट मिलेगी। दो किलोवाट पर 90 हजार और तीन किलोवाट पर 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। रजिस्ट्रेशन के बाद सोलर पैनल लगाने वाले तकनीकी अधिकारी उनके आवास पर जाकर ड्राइंग-डिजाइन और प्राक्कलन तैयार करेंगे और उपभोक्ता के घर पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना करेंगे। पहले चरण में बिजली कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस योजना के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### 23 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पीएम सूर्य घर योजना के तहत स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की गई है। दो दिनों के भीतर जिले में 23 उपभोक्ताओं ने स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया है। आने वाले दिनों में इनके छतों पर रुफ टॉप सोलर पैनल लगाया जाएगा और उन्हें कम खर्च में बिजली मिलने लगेगी।

- **पी एच सिदार**, अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण विभाग

# सरकारी कर्मचारियों के आवासों की विद्युत व्यवस्था में आएगा सुधार



सिंचाई विभाग की कॉलोनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी कर्मचारियों के आवासों की विद्युत व्यवस्था में सुधार आएगा। लोक निर्माण विभाग के ईएनडी सेक्शन में तकनीकी सामाग्रियों की समस्या को दूर कर दिया गया है। छोटे मोटे बिजली के उपकरणों की सामाग्री विभाग में मौजूद है। पूर्व में इसके लिए विभाग के कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ता था और शासकीय कर्मचारियों को अपने खर्च पर विद्युत व्यवस्था सुधारनी पड़ती थी।

जिला मुख्यालय में सरकारी आवासों की संख्या लगभग 600 से ज्यादा पहुंच गई है, जिनके विद्युत व्यवस्था के सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग में एक ईएनडी सेक्शन है, जिसके माध्यम से कलेक्टर के शासकीय विभाग के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के आवासों के विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी है, किंतु पिछले कुछ वर्षों से बिजली के छोटे छोटे उपकरणों को लेकर विभाग को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वहीं शासकीय कर्मचारियों को अपने खर्च पर ही बिजली व्यवस्था का सुधार कार्य करना पड़ता था। अब ईएनडी सेक्शन में बिजली के उकरणों व अन्य सामाग्रियों की सप्लाई शुरू हो गई है। अब उन शासकीय कर्मचारियों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिन्हें बाहर से कर्मचारी बुलाकर शासकीय आवासों की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करना पड़ता था। आईडीआई परिक्षेत्र अंतर्गत सिंचाई विभाग, आईटीआई कॉलोनी, राजस्व कॉलोनी, न्यू राजस्व कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के आवास जर्जर हो चुके हैं। जिनकी सबसे बड़ी समस्या बार बार बिजली उपकरणों के खराब रहने की रहती है। इनके बदलने का काम अब ईएनडी सेक्शन के माध्यम से ही होगा। लोक निर्माण विभाग का यह महत्वपूर्ण सेक्शन है, जिसके ऊपर प्रशासनिक दफ्तरों एवं कॉलोनियों की विद्युत व्यवस्था के सुधार की जिम्मेदारी है।

# झारखंड को सबसे कम तो छत्तीसगढ़ को सबसे अधिक राजस्व की हिस्सेदारी



### झारखंड के चोलापाथर कोल ब्लॉक में सबसे ज्यादा राजस्व

चारों कोल ब्लॉक में से सबसे ज्यादा राजस्व में ज्यादा 27.25 प्रतिशत की हिस्सेदारी चोलापाथर कोल ब्लॉक में मिली है। इस कोल ब्लॉक में 25.00 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है, नीलामी में इस कोल ब्लॉक के लिए कुल छह कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इसमें श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, सूर्या प्रोफेशनल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड, श्याम ओर्स प्राइवेट लिमिटेड और शक्ति भूमि माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ के फुतामारा कोल ब्लॉक में सरकार को राजस्व में 62.25 की हिस्सेदारी मिली है। इस कोल ब्लॉक में 170.54 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। नीलामी के दौरान इस कोल ब्लॉक के लिए 13 कंपनियों ने बोली लगायी थी। एलम सोलर प्राइवेट लिमिटेड मे राजस्व में 62.25 प्रतिशत की हिस्सेदारी देकर कोल ब्लॉक हासिल कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल ब्लॉक की नीलामी के 12वें दौर में कंपनियों ने अपने राजस्व में सबसे कम शेयर झारखंड को दिया गया है। 12वें दौर की नीलामी में सफल घोषित कंपनियों ने झारखंड को अपने राजस्व में 7-24 प्रतिशत हिस्सेदारी दी।

दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ को 31-62.25 प्रतिशत हिस्सेदारी दी है। झारखंड में कोयले का रिजर्व सबसे ज्यादा होने के बावजूद कॉमर्शियल नीलामी में शामिल कंपनियां झारखंड को अपने राजस्व में कम हिस्सेदारी दे रही हैं। केंद्र सरकार ने 12वें दौर की नीलामी में 11 कोल ब्लॉक को शामिल किया था। इसमें से सात कोल ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कोल ब्लॉक के व्यवसायिक नीलामी में रिजर्व प्राइस के अलावा कंपनियों द्वारा राजस्व में राज्य को दी जाने वाली हिस्सेदारी का सर्वाधिक महत्व होता है। 12वें दौर की नीलामी में जिन 7 कोल ब्लॉक की नीलामी पूरी हुई, उसमें से चार कोल ब्लॉक झारखंड के और तीन कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के हैं। झारखंड के चारों कोल ब्लॉक में 1450.78 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। प्रदेश के तीन कोल ब्लॉक में कुल 310.78 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। नीलामी में झारखंड के महुआगढ़ी कोल ब्लॉक से कंपनी ने राजस्व में सबसे कम हिस्सेदारी देने की पेशकश की थी। यह कोल ब्लॉक दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने सिर्फ राजस्व में सात प्रतिशत की हिस्सेदारी पर हासिल कर ली है। इस कोल ब्लॉक में 305.95 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। इस कोल ब्लॉक की नीलामी में चार कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इसमें एनआइसी इंडिया लिमिटेड, ओडिशा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड, पेन्ना शिपिंग लिमिटेड और दामोदर वैली कॉरपोरेशन का नाम शामिल है। नीलामी में डीवीसी को सिर्फ सात प्रतिशत की हिस्सेदारी पर कोल ब्लॉक हासिल किया। यानी नीलामी में शामिल दूसरी कंपनियों ने राजस्व में इससे भी कम हिस्सेदारी देने की पेशकश की होगी।

### खास बातें

- कोल ब्लॉक के 12वें दौर की नीलामी में 11 कोल ब्लाक में से 7 ब्लाक की हुई नीलामी
- झारखंड को 7.24 तो छत्तीसगढ़ को 31.62 प्रतिशत की हिस्सेदारी

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 10 सितंबर तक

**कोरबा।** कक्षा 9वीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति हेतु जियो टैगिंग, ओटीआर, ई-केवायसी आफ आईएनओ/एचओआई अनिवार्य है। उपरोक्त कार्य पूर्व सत्र में सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया है। केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीनीकरण व सत्यापन हेतु पोर्टल राज्य कार्यालय द्वारा 4 अगस्त से उपलब्ध करा दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सत्र अनुरूप विद्यालय का जियो टैगिंग व कक्षावार तथा जातिवार सारांश प्रतिवेदन (फार्मेट) व एनएसपी से ई-केवासी का कार्य पूर्ण होने उपरान्त ही विद्यार्थी अपने लॉगिन से नवीनीकरण का कार्य कर सकेंगे। विद्यार्थी कोड, मोबाईल नंबर व जन्म दिनांक (पोर्टल में पंजीकृत) का उपयोग कर विद्यार्थी लॉगिन कर सकेंगे। (विद्यार्थी कोड/मोबाईल नंबर/जन्म दिनांक विद्यालय लॉगिन में रिपोर्ट-पंजीकृत विद्यार्थियों के आवेदन की स्थिति से देखा जा सकता है।

# नाबालिग पुत्र ने पिता पर फावड़े से हमला कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच वाद की स्थिति निर्मित होती थी। शुक्रवार की सुबह भी दोनों के बीच वाद विवाद हुआ था और आवेश में आकर पति अपनी पत्नी और बच्चों को मारने के लिए फावड़ा लेकर दौड़ पड़ा था लेकिन इसी बीच उसका 14 वर्षीय पुत्र अपने पिता से फावड़ा ले लिया और पिता पर ही फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस में मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिक पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानपारा में घटित हुई है। यहां निवासरत धनीराम यादव 40 वर्ष पिता स्वर्गीय बुधराम यादव गांव में खेती किसानी का काम करता था। बताया जाता है कि धनीराम यादव अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था और धनीराम शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे अपनी पत्नी के चरित्र पर लांछन लगाते हुए वाद विवाद करने लगा और इसके बाद धनीराम अपनी पत्नी और बच्चों को मारने के लिए आवेश में आकर फावड़ा लेकर दौड़ पड़ा था। फावड़ा लेकर दौड़ रहे धनीराम यादव पर उसके 14 वर्षीय नाबालिक पुत्र की नजर पड़ी तो उसने अपने पिता के हाथ से फावड़ा छीन लिया और फावड़ा से ही अपने पिता धनीराम यादव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम 12 से

**कटघोरा।** कटघोरा क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 से 17 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री नारायण आश्रम कटघोरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें तनाव से मुक्ति, मन की शांति, और सकारात्मकता से भरपूर जीवन जीने की कला सिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया गया है।

## 200 से अधिक मवेशी सड़कों से उठाकर पहुंचाएं गए गोठान

# मवेशियों को घर पर रखें, सड़कों पर न छोड़ें: आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को सड़कों, सार्वजनिक स्थलों से उठाकर गोकुलनगर गोठान में पहुंचाने की लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगम क्षेत्र में काऊ केचर के माध्यम से निरंतर पशुओं पर नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा वर्तमान में लगभग 200 से अधिक मवेशियों को गोकुलनगर स्थित गोठान में पहुंचाया जा चुका है। वहीं निगम द्वारा पशु पालकों से कहा गया है कि वे अपने मवेशी सड़कों पर खुला न छोड़े, अन्यथा उन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।




सड़क से मवेशी पकड़ते निगम के कर्मचारी।

अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हांकित कर उन पर दण्डात्मक कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जाएगी। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण के लिए सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचें, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें। पशु पालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल का नुकसान होने व मवेशियों के भी घायल होने की आशंका बनी रहती है।





# ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल हुए हिमेश रेशमिया

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और सिंगर हिमेश रेशमिया ने ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर पहली बार भारतीय कलाकार के रूप में इतिहास रच दिया है। यह भारतीय संगीत के लिए गर्व का पल है। इस लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे जैसे कई बड़े पॉप स्टार्स का नाम शामिल है। हिमेश का यह मुकाम उनकी 20 साल से ज्यादा की मेहनत और लोकप्रियता का सबूत है। उनके गाने आज भी दुनिया भर में पसंद किए जाते हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, एड शीरन और लेडी गागा जैसे सितारों के साथ उनका नाम भारतीय पॉप संस्कृति की बढ़ती वैश्विक पहचान को दिखाता है। ब्लूमबर्ग की इस रैंकिंग के लिए 1.2 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। दुनिया भर के प्रशंसकों ने वीवर्स प्लेटफॉर्म पर वोट देकर चुना कि कौन इस सूची में रहेगा।

लाइफ Style



# प्रीति

## किसी को भी डरने की जरूरत नहीं

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' आखिर शुक्रवार 8 अगस्त को रिलीज हो रही है। कन्हैया लाल हत्याकांड पर बनी यह फिल्म शुरुआत से विवादों में है। अब जब सिनेमाघरों में पहुंच रही है तो इसकी अदाकारा प्रीति झंगियानी ने प्रतिक्रिया दी है। कई बाधाओं का सामना करने के बाद फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' को आखिरकार हरी झंडी मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रिलीज से गुरुवार रात मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में विजय राज, प्रीति झंगियानी, कमलेश सावंत और मुश्ताक खान जैसे सितारे हैं। स्क्रीनिंग में शामिल हुईं प्रीति झंगियानी ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। किसी को भी सच बोलने से डरना नहीं चाहिए। मेरा मानना है कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है। इसमें इंसानी स्वभाव और हकीकत को दिखाया गया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि किसी को कोई आपत्ति होनी चाहिए। फिल्म देखें और फिर कोई राय बनाएं'। यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। साल 2022 में टेलर कन्हैयालाल की हत्या की गई थी। कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी। इसके बाद उनकी दुकान में उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। इस फिल्म का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है। उदयपुर फाइल्स' को दर्शक दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। इस फिल्म को देखकर दर्शक भावुक हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट बेंटन ने अमेरिकी सेना में दी थी सेवा

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने क्रेमर वर्सेज क्रेमर और प्लेसेस इन द हार्ट जैसी फिल्मों के लिए लेखक-निर्देशक रूप में काम किया। रॉबर्ट बेंटन ने टेक्सास विश्वविद्यालय और कोलंबिया विश्वविद्यालय से अध्ययन किया। इसके बाद वह 1954 से 1956 तक अमेरिकी सेना में रहें। बेंटन ने ग्लोरिया स्टीनम को डेट किया, जो उस समय हास्य पत्रिका हेल्प में कर्मचारी थीं। इसके बाद उन्होंने 1964 में कलाकार सैली रेंडिग्स से शादी की, जिनसे उनका एक बेटा है। निर्माता रॉबर्ट बेंटन ने अपने कॅरियर में शानदार काम किया। उन्होंने छह ऑस्कर नामांकन प्राप्त किए। छह में से तीन बार उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसमें क्रेमर वर्सेज क्रेमर लिखने और निर्देशित करने के लिए और प्लेसेस इन द हार्ट लिखने के लिए प्राप्त किया।



# ब्रैड पिट ने पहली फिल्म में की थी गलती, हुआ था शर्मिंदा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को अपनी पहली ही फिल्म के सेट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। एक्टर ने फिल्म के सेट पर हुए एक वाकये को याद किया। पिट ने बताया कि उन्हें वहां से निकाल दिया गया था। साल 1987 में आई फिल्म नो मैन्स लैंड में उन्होंने वेटर की भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्हें बिना क्रेडिट के काम करना था। एक्टर ने बताया कि स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड का कार्ड पाने की कोशिश में उन्होंने सीन के दौरान अचानक एक डायलॉग बोल दिया, जिससे सेट पर हंगामा मच गया था। उन्होंने बताया, 'एक रेस्ट्रॉन्ट का सीन था, जिसमें चार्ली शीन और डीबी, स्वीनी लीड रोल में थे। मैं वेटर था और मुझे सिर्फ शैंपेन लाकर डालना था। मुझे बताया गया कि बोतल को कैसे पकड़ना, खोलना और पोंछना है। लेकिन, मौके का फायदा उठाते हुए मैंने एक्ट्रेस के लिए शैंपेन डालते समय पूछ लिया- क्या आप कुछ और लेना चाहेंगी? ये सुनते ही डायरेक्टर चिल्लाए कट! कट! कट।' ब्रैड पिट ने हंसते हुए कहा, 'पहला असिस्टेंट डायरेक्टर दौड़कर आया और बोला- तुमने फिर से ऐसा किया, तुम बाहर हो जाओ! उस रात मैं बहुत शर्मिंदा हुआ।'



# पति को छपरी कहे जाने पर भड़कीं स्वरा

**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी मुखर हैं। वह अक्सर अपने बेबाक लहजे के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने उस व्यक्ति को खरी-खोटी सुना दी, जिन्होंने एक्स पर उनके पति फहाद अहमद को मजाक में छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कहा। अभिनेत्री फहाद के साथ रियलिटी शो पति-पत्नी और पंगा में दिखाई दी थीं। स्वरा भास्कर ने एक्स पर यूजर की प्रोफाइल को हाइलाइट करने के लिए दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। इस पोस्ट में लिखा था 'परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टॉक शो में ले जाते देखकर, स्वरा ने भी ऐसा ही करने का सोचा। वह अपने डोंगरी के छपरी पति को एक रियलिटी शो में ले गईं। पीआर तो छोड़िए, उनके पति डोंगरी के किसी रेहड़ी वाले जैसे लग रहे थे।' जवाब में, स्वरा ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'खुद को गौरवान्वित हिंदू और अंबेडकरवादी बताने वाला यह मूर्ख शायद यह नहीं जानता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है।



# निशानची में निभाएंगे दोहरी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है। निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है। टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि 'बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए?'

टीवी मसाला



# पहले हफ्ते में ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' बना नंबर वन सीरियल

**नई दिल्ली।** 30वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले हफ्ते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से 25 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी की। दर्शकों ने पहले ही हफ्ते में स्मृति ईरानी के इस सीरियल का इतना प्यार दिया कि यह टीआरपी चार्ट में टॉप पर जगह बनाने में कामयाब हो गया। 25 साल बाद भी इस सीरियल का जादू महिला दर्शकों पर बरकरार है। 30वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट में दूसरे नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा है। इसकी टीआरपी भी 2.3 है। लेकिन, इस सीरियल के लिए अब मुश्किलें बढ़ चुकी हैं। दरअसल अनुपमा पिछले कुछ साल से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बन रहता था। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को तीसरा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, दो कॉमेडी सीरियल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शो लाफ्टर शेफ को लिस्ट में चौथा स्थान मिला है, इसकी टीआरपी 2.0 है। वहीं, तारक मेहता का उल्टा चश्मा को पांचवां स्थान मिला है, इसको 1.9 की टीआरपी मिली है।

# मरने के बाद सजना-संवरना चाहते थे उल्टा चश्मा के नट्टू काका!

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले तन्मय वेकारिया ने नट्टू काका उर्फ घनश्याम नायक के बारे में कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि नट्टू काका की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद भी उनका मेकअप किया जाए, जिसे उनके परिवार ने अंतिम संस्कार के समय पूरा किया। पता चलने के बारे में बात की। 3 अक्टूबर, 2021 को कैंसर से इस दिग्गज अभिनेता के निधन की खबर सुनकर कलाकार और क्रू सदमे में आ गए थे। उस समय डेंगू से उबर रहे तन्मय वेकारिया ने कहा, यह खबर सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। घनश्याम नायक की अंतिम इच्छा ने कई लोगों को प्रभावित किया। नट्टू काका अपने व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मरने के बाद भी सजते-संवरते रहने की इच्छा जताई थी। बागा उर्फ तन्मय वेकारिया ने आगे बताया कि कैसे घनश्याम नायक के परिवार ने उनके अंतिम संस्कार के समय इस दिग्गज अभिनेता की अंतिम इच्छा पूरी की।



# भीगी साड़ी गाने में दिखी जान्हवी-सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री



**मुंबई।** जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का आइकॉनिक रेन सीक्वेंस सॉन्ग 'भीगी साड़ी' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में जान्हवी और सिद्धार्थ की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस को बेहद पसंद आ रही है। 'भीगी साड़ी' से अदनान सामी की बॉलीवुड संगीत में वापसी हो रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है। इस गाने में श्रेया घोषाल की आवाज और अदनान सामी की संगीत में वापसी है। सचिन-जिगर ने संगीत दिया है और अमिताभ भट्टाचार्य ने इसके बोल लिखे हैं। यह गाना बॉलीवुड के क्लासिक बारिश वाले सीन की याद दिलाता है, जिसमें जान्हवी सफेद साड़ी और सिद्धार्थ सूती कमीज में नाचते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और डांस इस गाने को खास बनाते हैं। शुक्रवार को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का गाना 'भीगी साड़ी' शेयर किया और कैप्शन में लि खा , 'अदनान सामी के साथ पुरानी यादें ताजा होंगी। प्यार और जुनून से भरपूर, अदनान सामी की आवाज में पेश है। परमसुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।

# केरल में रजनीकांत की कुली के लिए दीवाने हैं लोग, ऑफलाइन टिकट लेने लगी भीड़

**नई दिल्ली।** रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर लोगों में बहुत क्रेज हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है और इसे लेकर क्रेज लोगों में देखने वाला है। कुली में रजनीकांत के साथ श्रुति हासन, नागार्जुन अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। साथ ही आमिर खान का चौंका देने वाला कैमियो है। विदेशों में तो कुली की एडवांस बुकिंग ओपन हो चुकी है और केरल में भी ये शुरू हो गई है। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सेल भी जबरदस्त हो रही है। लोग ऑफलाइन फिल्म की टिकट लेने के लिए थिएटर में भीड़ लगा रहे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फैंस कुली की ऑफलाइन टिकट लेने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। जैसे ही ऑफलाइन बुकिंग ऑन होती है तो लोग थिएटर के अंदर टिकट लेने के लिए भागते हुए लेने आ रहे हैं। इसे देखकर लग रहा है कि लोग पहले दिन ही फिल्म को देख लेना चाहते हैं। लार्ज कैपिसिटी स्क्रीन वाली शोज हाउसफुल हो गए हैं और ऑफलाइन बिक्री में तेजी आ रही है। अभी तमिलनाडु और तेलुगु स्टेट में बुकिंग ओपन नहीं हुई है। वहां पर तो इससे भी ज्यादा देखने को मिलेगा। कुली की बात करें तो लंबे समय के बाद रजनीकांत का एक हटकर अंदाज देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर के बाद से ही रजनीकांत की खूब तारीफ हो रही है। अब फैंस को फिल्म रिलीज होने का इंतजार नहीं हो रहा है। कुली को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है।



### वॉर 2 से होगा क्लैश

रजनीकांत की कुली का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2 से होने वाला है। वॉर 2 को लेकर भी जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा दोनों में से कौन-सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाजी मार पाती है।

## रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का है प्रतीक

# भाई-बहन के रिश्ते पर बनीं ये फिल्में देखकर छलक जाएंगी आंखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

आज रक्षाबंधन का त्योहार है। पूरे देश में ये त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये भाई और बहन का त्योहार है, जिसमें भाई को बहन रक्षा सूत्र बांधती है। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को वचन देते हैं। रक्षाबंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का प्रतीक है। यह दिन हमें उस प्यार, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव की याद दिलाता है जो भाई और बहन के बीच होता है। रक्षाबंधन के त्यौहार पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बन चुकी हैं। इन सभी फिल्मों में रक्षाबंधन पर गाने भी थे जो आज भी रक्षाबंधन पर बजाए जाते हैं। भाई-बहन के इस प्यार को फिल्मी पर्दे पर बड़ी शिद्दत से दिखाया जाता है। कोई भाई या बहन फिल्म देखे तो उसके आंखों से आंसू निकलना तो पक्का है। क्योंकि, उन फिल्मों की कहानी है ही इतनी इमोशनल।




### सिकंदर

राखी के त्योहार को फिल्मों में दिखाने की शुरुआत 1941 में आई फिल्म सिकंदर से हुई थी। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर ने सिकंदर की भूमिका निभाई थी। महबूब खान की फिल्म हुमायूं में भी इस त्यौहार को दिखाया गया था। हुमायूं में अशोक कुमार ने हुमायूं और वीना ने कर्णावती की भूमिका निभाई थी। इसके बाद तो फिल्मों में राखी का त्योहार दिखाने का सिलसिला ऐसा चला कि आज तक कायम है। कहा जाता है राखी की शुरुआत भी हुमायूं और कर्णावती के प्यार के बाद हुई थी।

### रेशम की डोरी

आत्माराम के निर्देशन में बनी 1974 में आई फिल्म रेशम की डोरी में भाई-बहन के बीच प्यार को बखूबी दिखाया गया। इस फिल्म में धर्मेंद्र और उनकी बहन के प्यार ने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए और इस फिल्म का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है..' आज भी बड़ी शिद्दत से सुना जाता है।

### सरबजीत

2016 में आई ये फिल्म भी आप रक्षाबंधन में देख सकते हैं। ये फिल्म भी एक बहन की कहानी पर बनी है, जो अपने भाई को पाकिस्तान के जेल से वापस लाने की लड़ाई लड़ती है। इसे आप ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी देख सकते हैं।

### जिगरा

ये फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। आलिया भट्ट की इस फिल्म में भाई और बहन के रिश्ते पर आधारित है। एक बहन अपने भाई को किस तरह से रक्षा करती है, इसमें देखने लायक है। आलिया के साथ इसमें वेदांग रैना भी हैं।



### हम साथ-साथ हैं

रिश्तों को बखूबी बयां करती फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' आज भी दर्शकों को खूब पसंद आती है। इस फिल्म में नीलम और उसके तीन भाइयों सलमान, सैफ और मोहनीश बहल के प्रेम को दर्शकों ने बेहद प्यार किया।

**जोश:** समय बदला तो भाई-बहन के प्यार का अंदाज भी बदला। अब फिल्मों में आधुनिकता आने लगी। जोश फिल्म में शाहरुख खान-ऐश्वर्या राय भाई-बहन के रोल में थे। फिल्म में शाहरुख अपनी बहन के प्यार के लिए विलेन बनते नजर आए।

**फिजा** : साल 2000 में आई फिल्म फिजा में ऋतिक और करिश्मा भाई बहन के किरदार में नजर आए। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे दंगों के बीच फिजा का भाई अमान गायब हो जाता है। फिजा अपने भाई की तलाश सालों तक करती है और आखिर में एक बहन का प्यार जीतता है और फिजा अमान को खोज लेती है।

## खबर संक्षेप

### विश्व आदिवासी दिवस पर पारंपरिक गीतों के साथ समुदाय ने किया भ्रमण



**मुलामुला।** ग्राम मूलमुला में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को ग्राम के आदिवासी समुदाय द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ पारंपरिक गीतों में नाचते थीरकते गांव का भ्रमण किया गया।

### धर्मदत्त पांडेय की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**जांजगीर-चांपा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक एवं ग्राम पंचायत सिवनी (नैला) के प्रथम निर्वाचित



सरपंच स्व. धर्मदत्त पाण्डेय के 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. धर्मदत्त पाण्डेय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनी (नैला) में रविवार 10 अगस्त को सुबह 11 बजे श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। परंपरानुसार आयोजित श्रद्धांजलि के अवसर पर पौधरोपण, भजन गायन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच रघुबीर बरेठ, उपसरपंच शुभांशु मिश्रा एवं सचिव श्रीमती हेमलता यादव ने क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### ग्राम बहेराडीह में 'भोजली महोत्सव' का आयोजन आज

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह में रविवार 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे 'भोजली महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। भोजली महोत्सव का शुभारम्भ वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में जिला पंचायत की अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत के सीईओ गोकुल रावटे और समाजसेवी डॉ. सुरेश कुमार देवांगन करेंगे। इस दौरान भोजली दाई की ग्राम बैगा के द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा की जाएगी। यहां भोजली महोत्सव में पहला स्थान प्राप्त करने वाली महिला को बलौदा जनपद की पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता राघवेंद्र नामदेव के द्वारा 1000 रूपये प्रदान किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 700 रूपये सरपंच चंदा सरवन कश्यप, तृतीय पुरस्कार 500 रूपये डॉ. रामदयाल यादव के द्वारा दिया जाएगा, वहीं किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन, पंच ललित कंवर, सोहन यादव, शिवराम कश्यप, राजकुमार यादव आदि के द्वारा सांत्वना पुरस्कार के रूप में 51,51 रूपये 7 महिलाओ को दिया जाएगा। पुरस्कार वितरण पश्चात गाजे-बाजे के साथ भोजली विसर्जन किया जाएगा। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने लोगों से भोजली महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

### कैरियर काउंसिलिंग व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**बेल्हाडीह-जेठा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कैरियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कैरियर के संदर्भ में अवगत कराते हुए सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई एवं पुरस्कार प्राप्त किए। स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए अंकुरित अनाजों की उपयोगिता को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वल्पाहार के रूप में इसका वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शोलेष कुमार राठौर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

## उल्लास के साथ मना रक्षाबंधन का पर्व, भाइयों ने लिया रक्षा का वचन

# भाइयों की कलाई पर सजा बहनों का प्यार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

रक्षाबंधन पर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रेशमी धागों को बांधकर अपने प्रेम का इजहार किया। साथ ही माथे पर तिलक लगाकर भाई की सुखी जीवन की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को आजीवन रक्षा करने का वचन दिया।

रक्षाबंधन का पर्व शनिवार 9 अगस्त को परंपरानुसार उल्लासपूर्वक मनाया गया। बहनें बेसब्री से रक्षाबंधन के त्यौहार का इंतजार करती है। आखिर वह दिन आ ही गया, जब बहनें अपने भाई की कलाई सजाने के लिए सुबह से ही तैयारियों में जुट गई थीं। घरों में पहली राखी भगवान शिव को अर्पित कर रोचन, अक्षत व मिठाई की थाल सजाकर शुभ मुहूर्त में भाई के कलाई पर राखी बांधी और आरती उतारकर मुंह मीठा कराया। बदले में भाई ने अपनी बहनों को शगुन के रूप में रुपए, साड़ी व अन्य उपहार दिए और जीवन भर उसकी रक्षा का वचन दिया। बहनों ने जब तक भाई को राखी नहीं बांधी, तब तक उपवास रखा। इस वर्ष भद्रा नहीं होने के चलते सुबह से लेकर देर रात तक राखी बंधवाने का सिलसिला जारी रहा। इधर त्यौहार को लेकर शुक्रवार 8 अगस्त को बाजार में काफी चहल-पहल रही। इस दिन कपड़े, मिठाई खरीदने के लिए दुकानों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शनिवार की सुबह से लेकर दोपहर तक बाजार में काफी भीड़ रही। खासकर मिठाई की दुकानों में रौनक बनी रही। त्योहार में राखी बांधने के बाद मुंह मीठा कराने की परंपरा है, लिहाजा मिठाई दुकानों में लोगों का तांता लगा रहा। मिठाई के गिफ्ट पैक काफी पसंद किए गए। वहीं युवाओं द्वारा चाकलेट, गिफ्ट पैक की खरीदी भी जमकर की गई।




भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन।

### लंबी उम्र और समृद्धि की कामना

**देवरी-सारागांव।** रक्षा बंधन का पर्व 9 अगस्त को नगर और ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत सारागांव और ग्रामीण अंचल के देवरी , अमरूवा, कुम्हारीखुर्द , कुम्हारीकला , कड़ारी, लछनपुर , हनुमंता , सोनियापाठ , चोरिया , पचोरी, बघौदा समेत आसपास के गांवों में रक्षा बंधन की रौनक सुबह से ही देखने को मिली। महिलाएं और लड़कियां नई पोशाकों में सज-धज कर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए तैयार हो गईं। घर-घर में हर्षोल्लास का माहौल था। बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर, तिलक कर और राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और समृद्धि की कामना की गई । भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपने स्नेह और सुरक्षा का वचन दिया। नगर व आस पास गांव के प्रमुख मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के साथ मंदिरों में जाकर भगवान से अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा, कई स्थानों पर सामूहिक रूप से राखी बांधने के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बहनों ने सामूहिक रूप से पुलिसकर्मियों, सैनिकों और समाज के अन्य सुरक्षा कर्मियों को राखी बांधकर उनका सम्मान किया। देवरी और सारागांव के बाजारों में भी इस दिन की खास रौनक देखने को मिली। मिठाईयों की दुकानों पर भीड़ लगी रही, और राखी की दुकानों पर विभिन्न प्रकार की राखियों की बिक्री हुई।



### छत्तीसगढ़ी फ्रेण्डशिप डे (भोजली)आज

छत्तीसगढ़ी फ्रेण्डशिप-डे यानि भोजली का त्यौहार शनिवार 10 अगस्त को शहर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ग्रामीण युवक-युवतियां एक दूसरे को भोजली भेंट कर पर्व की मान्यता पूरी करेंगे और दोस्ती निभाने की कसमें भी खाएंगे। तेजी से बढ़ती पश्चिमी सभ्यता के रंग में रंगते लोगों का रुझान फ्रेण्डशिा डे की ओर बढ़ा है, फिर भी इस छत्तीसगिढ़या पर्व की महत्ता कम नहीं हुई है। राखी के ठीक दूसरे दिन भाद्र पक्ष की पहली तिथि को यह त्यौहार प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान छत्तीसगढ़ के इस पारंपरिक उत्सव में गांवों में बच्चे, बडे व महिलाएं देवी गंगा-देवी गंगा, लहर तुरंगा के प्रचलित गीतों के बीच गांव भ्रमण कर भोजली का विसर्जन करते हैं। नगर में महिलाएं, युवतियां व बच्चे सिर में भोजली रखकर पारंपरिक गीतों के साथ भीमा तालाब पहुंचती हैं और भोजली विसर्जित करती हैं। इसी तरह नैला की महिलाएं, युवतियां व बच्चे बड़ी तादात में बाजे-गाजे के साथ भोजली विसर्जन करने जूना तालाब पहुंच देवी देवताओं में भोजली चढ़ाने के बाद बड़े बुजुर्गों और छोटों को भोजली भेंट करते हैं।

### बहनों ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**चांपा।** रक्षाबंधन का पर्व भाई बहनों के मध्य प्रेम विश्वास का पर्व है। इस दिन बहनें सुबह से ही सज धज कर थाल में रोली, सिंदूर व अक्षत पुष्प के साथ दीप जलाकर भाई की मांथे तिलक अक्षत लगाकर आरती उतार कर कलाई में राखी बांधती है और बदले में भाई बहनों की हर मुसिबत में रक्षा करने का वचन देता है। जो कि पौराणिक मान्यता राजा बलि और मां लक्ष्मी की कथा पर आधारित है। नगर व आसपास के श्रेत्रों में बड़े , बुजुर्ग सभी में पर्व को लेकर खासी उत्साह देखने को मिला पर्व के पूर्व से ही राखी व मीठाईयों की दुकानों की बाजार गुलजार रही। महिलाएं राखी, मीठाईयां उपहार खरीदते नजर आए। बहनें सुबह से ही पूजा की थाल सजाकर शुभ मुहूर्त में भाईयों की कलाईयों में राखी बांधकर भाईयों का मुंह मीठा कराया गया तथा उपहार दिए गए। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बच्चें ज्यादा उत्साहित दिखे।



### बहनों को नहीं रोक सकी जेल की दीवारें

शनिवार को जिला जेल में बंदी भाइयों को राखी बांधने के लिए बहनों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बहनों ने सजल नयनों से भाइयों की कलाईयों पर राखी बांधते हुए उनसे आराध की पुनरावृत्ति नहीं करने का वचन लिया। बंदी भाइयों ने भी बहनों को आजीवन रक्षा व अपराध नहीं करने का वचन दिया। जिला जेल में राखी का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों की भीड़ जेल के बाहर जुट गई थी। जेल प्रशासन ने सख्त व्यवस्था के बीच कैदियों को राखी बंधवाने का अवसर दिया। दूर से आई बहनों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। सुबह से ही बहनें आने भाइयों को राखी बांधने जेल पहुंच गई थी। इसके लिए जेल में प्रबंध किए गए थे। जेल परिसर में प्रहरियों ने पहले बहनों का नाम दर्ज किया, फिर बारी-बारी से उन्हें जेल के अंदर प्रवेश की अनुमति दी। बहनों के लाए सामानों को पहले सुरक्षा की दृष्टि से चेक किया गया। इसके बाद राखी बांधने दिया गया। सालों से भाई के बिछड़ने के कारणों बहनों की आंखों से आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे। बहनों ने राखी बांधने के बाद अपने साथ लाई मिठाई से भाई का मुंह मीठा कराया। जेलर सहित स्टाफ के कर्मचारी व्यवस्था बनाने दिनभर जुटे रहे।

### अंचल में उत्साह पूर्वक मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**बिर्रा।** भाई -बहन के अटूट प्यार के प्रतीक का महापर्व रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 9 अगस्त शनिवार को बड़े ही उत्साहपूर्वक अंचल में मनाया गया। सुबह से ही बहने अपने-अपने भाई के हाथों में राखी बांधने के लिए उत्सुक नजर आई। बहने सुबह से लेकर देर शाम तक अपने-अपने थाली में आरती सजाकर एवं गुलाल चंदन का टीका लगाकर आरती उतारने के बाद भाई के हाथों में राखी बांधकर मिठाइयां खिलाई। अंचल के सिलादेही, मौहाडीह, गतवा, बोरसी ,देवरानी, देवरहा,बसंतपुर, किकिरदा, करही, देवरीमठ, झरप, नगारीडीह, डोटमा , बरेकल, धिवरा, डोमाडीह ,मल्दा, जमडी , डभराखुर्द, बनडभरा, मुक्ता, सेमरिया, बंसुला आदि गांवों की गलियों एवं घरों में माताएं एवं बहने की हलचल सुनाई दी। शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का महापर्व बड़े ही उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम से अंचल में मनाया गया। सुबह से ही माताएं एवं बहने अपने-अपने भाई के हाथों में राखी बांधने के लिए उत्सुक नजर आई। माताएं एवं बहने सुबह से लेकर देर शाम और रात्रि तक अपने-अपने थाली में आरती सजाकर एवं गुलाल चंदन का टीका लगाकर आरती उतारने के बाद राखी बांधकर मिठाइयां खिलाई गई।



### नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस जवानों को बांधी राखी

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप ने रक्षाबंधन शुभ अवसर पर पुलिस ड्यूटी में तैनात जवानों के बीच पहुंचकर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर हर्षोल्लास के साथ मनाया।रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के बीच स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक माना गया है। जिसमें बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। नपं अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप ने पुलिस सहायता सहायता केंद्र में प्रभारी राम प्रसाद बघेल व अन्य पुलिस जवानों की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर उनके स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा पुलिस सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और बहनों की रक्षा के लिए भी हमेशा तैयार रहती है।



### कलाइयों में राखी बांधकर कराया मुंह मीठा



**शिवरीनारायण।** नगर में प्रेम और सुरक्षा का त्योहार रक्षा बंधन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सावन पूर्णिमा के दिन बहनों ने सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी थी। नगर के बहनों ने अपने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके खुशहाली और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की और बदले में भाइयों ने अपनी बहनों की कलाईयों में लुंबा बांधकर बहनों को हर खतरे से बचाने का वचन दिया। यह त्यौहार भाई बहनों के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है ।

### प्रशिक्षण में महिलाओं को दी गई विविध जानकारी

**मालखरौदा।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तीसरी वाहिनी गुडली कटक उड़ीसा की टीम द्वारा इन दिनों सक्ती जिले में फेमैक्स कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इसी कड़ी में जनपद पंचायत मालखरौदा के सभा कक्ष में बिहान क्रेडर की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा ने किय। इस अवसर पर निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा उप निरीक्षक सुशील कुमार ने सांप के काटने से किस प्रकार से प्राथमिक उपचार किया जाता है इसके बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि सांप काटे स्थान पर किसी प्रकार का चीरा नहीं लगाना चाहिए और नहीं मुंह से रक्त चूसे। वहीं उस जगह को साफ पानी से धोएं और तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं ताकि समय रहते उन्हें एंटी वेनम का इंजेक्शन लगाया जा सके। इसी प्रकार आंख में चोट लगने पर दोनों आंख बंद करना , जबकि आंख से जलने पर हल्का कपड़ा लपेटकर हॉस्पिटल लेकर जाएं। एलपीजी गैस लीकेज होने पर गैस एजेंसी को जानकारी दे। इस अवसर पर बीईओ मोहनलाल प्रधान, विकास विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीपीएम के के बरेठ के अलावा जनपद पंचायत के स्टाफ उपस्थित थे।



### नदी तट, बाजार और पंचायत के सामने स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पामगढ़

स्वच्छता ही सेवा हर घर स्वच्छता के तहत ससहा में लीलागर नदी के तट,बाजार और ग्राम पंचायत के सामने सफाई कार्य किया गया।

ग्राम पंचायत ससहा जनपद पंचायत पामगढ़ में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव, स्वछता के संघ अभियान के तहत ग्राम ससहा के लीलगर नदीं में बने पचरी का साफ सफाई,बाजार स्थल का सफाई एवं ग्राम पंचायत के आसपास स्थल का सफाई किया गया जिसमें स्वछता के दैनिक जीवन मे निरंतर करने हेतु संकल्प लिया गया जीवन मे स्वछता नहीं होने से होने वाली परेशानियों के बारे में बताया गया और प्रतिनिधियों के द्वारा निरंतर स्वछता की गतिविधि में भाग लेने की अपील ग्रामवासियों से की गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जय कुमार साहू सभापति जनपद पंचायत पामगढ़ उत्तरा साहू सरपंच प्रतिनिधि,बुधराम साहू उपसरपंच, लखेश्वर यादव सचिव ग्राम पंचायत ससहा, प्रेमचंद साहू रोजगार सहायक, देवेंद्र कुमार साहू पंच, रामसाय कश्यप, जय किसन कैवर्त, द्रविड़ सिंह पैंकरा,देवनारायण रायसागर, पंचम सिंग राजपूत, संतोष कुमार साहू, सत्यनारायण कुम्भज, शांति बाई साहू, गंगा बाई साहू, आकाश साहू, यज्ञदास वैष्णव, रमेश पैंकरा, सहित ग्रामीण जनों ने उपस्थित होकर स्वच्छता गतिविधि में भाग लिए और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन मे आत्मसात करने हेतु संकल्प लिया ।

■ स्वछता को दैनिक जीवन मे निरंतर करने लिया संकल्प



साफ सफाई करते जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी।

### विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण किया वितरित

**अकलतरा।** बी.ई.ओ. देवकांत द्विवेदी एवं बी.आर.सी शैलेन्द्र सिंह बैस की उपस्थिति में बीआरसी सभा कक्ष में विकास खण्ड अकलतरा के समस्त विद्यालयों के चिन्हांकित 15 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में 4 अल्पदृष्टि बाधित बच्चों को लो विशन किट ,3 श्रवण बाधित, बच्चों श्रवण यंत्र , 2 बहुदिव्यांग , बच्चों को व्हील चेयर ,2 सेरेबल पाल्सी बच्चों को सीपी चेयर ,2 मानसिक मंद बच्चों को एमआर कीट, 2 अस्थिबाधित ट्राइसाइकिल और फिंगर एक्साइजर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बी.आर.पी.श्रीमती अंजना घोष, स्पेशल एजुकेटर श्रीमती रामकली शांते , डाटा एंट्री ऑपरेटर रवि श्रीवास, अकाउंटेंट रामकुमार पात्रे , अटेंडेंट श्रीमती रानू श्रीवास, महेंद्र पाल जगत शामिल रहे।



### कोसला में भोजली उत्सव व प्रतियोगिता आज

**पामगढ़-कोसला।** ग्राम कोसला में तृतीय वर्ष भोजली उत्सव एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन रविवार 10 अगस्त को महामाया मंदिर परिसर में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री गुरूदयाल पाटले व जनप्रतिनिधि गण, प्रबुद्ध नागरिक शामिल होंगे। प्रतिभागी विजेताओं को भोजली एवं वेषभूषा तथा भोजली गीत पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी विजेताओं को माता कौसल्या का चित्र भेंट किया जाएगा। इसके अलावा विजेताओं को स्व. हुलास राम तिवारी के स्मृति में सुधीर तिवारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने गांव के वरिष्ठ नागरिक भूतपूर्व सरपंच दुर्गेश्वर तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सुरेश कुमार तिवारी, त्रिलोकी नाथ तिवारी, कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे, रितेश तिवारी, ब्यास नारायण वर्मा, कनक साहू, कन्हैयालाल साहू, फिरत राम कुर्मी, संदीप तिवारी, उदल कश्यप, सुनील तिवारी, फिरत राम कुर्मी, गौरव तिवारी, सहित गांव के सभी युवा, वरिष्ठ गण जुटे हुए हैं।

